Course-1, Childhood and growing up

Page No.:
Date:

Unit- IV - Intelligence

बुद्धि

विभिन्न मनोवैज्ञानिकों ने बुद्धि की व्याख्या भिन्न-भिन्न प्रकार से की है। बुद्धि के संप्रत्यय (concept) पर कई वर्षों से विचार-मन्थन किया जा रहा है, परन्तु अभी तक कोई सर्वमान्य संप्रत्यय सामने नहीं आ सका है।

कुछ मनोवैज्ञानिकों ने बुद्धि की अनुकूलन प्रकृति (Adoptivel Nature) पर अधिक बल दिया है, कुछ ने बुद्धि को सीखने की योग्यता (Ability to Learn के रूप में स्वीकार किया है, तो कुछ ने अमूर्त चिन्तन की योग्यता को बुद्धि माना है।

Scanned with CamScanner

बुद्धि के लिए मनोवैज्ञानिकों की परिभाषाओं को 'फ्रीमैन' ने विश्लेषित किया और सभी परिभाषाओं को तीन वर्गों में रखा, जो निम्नलिखित है —

	वर्ग	मनोवैज्ञानिक (परिभाषाओं के अनुसार)
1.	बुद्धि : समायोजन की योग्यता	स्टर्न, क्रूज, कॉलविन, बर्ट
2.	बुद्धि : सीखने की योग्यता	बकिंघम, डियरबोर्न, थार्नडाइक
3.	बुद्धि : अमूर्त चिन्तन की योग्यता	टरमन, स्पीयरमैन, बिने

Definitions of Intelligence

बुद्धि की परिभाषाएँ —

Scanned with CamScanner

वुडवर्थ के अनुसार —
(woodworth)

"बुद्धि कार्य करने की एक विधि है।"

स्टर्न (Stern) के अनुसार
"जीवन की नवीन समस्याओं के प्रति समायोजन करने की सामान्य चेतन-क्षमता ही बुद्धि है।"

बर्ट (Burt) के अनुसार —
"बुद्धि अपेक्षाकृत नई परिस्थितियों में समायोजन करने की जन्मजात क्षमता है।"

बिने (Binet) के अनुसार —
"बुद्धि निर्णय या सामान्य चेतना, पहल क्षमता, अनुकूलन बनाने की शक्ति है। बुद्धि के सार-तत्व निष्कर्ष निकालना, भली-भाँति समझना, सुविवेक को बनाना है।"

Scanned with CamScanner

टरमन (Terman) के अनुसार—
"बुद्धि अमूर्त विचारों के बारे में सोचने की योग्यता है।"

थार्नडाइक (Thorndike) के अनुसार—
"वास्तविक परिस्थितियों के अनुसार अपेक्षित प्रतिक्रिया करने की योग्यता बुद्धि है"

स्पीयरमैन (Spearman) के अनुसार—
"बुद्धि सापेक्षिक चिन्तन है"

Scanned with CamScanner